an>

Title: Need to open a Central University and Kendriya Vidyalaya in Bijnor, Uttar Pradesh.

डॉ. यशवंत सिंह (नगीना) : अध्यक्ष महोदया, मैं उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के नगीना लोक सभा सीट से चुन कर आया हूं। यह सीट उत्तरांचल की बॉर्डर की सीट है, सुरक्षित सीट है। पता नहीं इस सीट का क्या दुर्भाग्य है कि यह केन्द्र सरकार की दृष्टि में जल्दी से नहीं आती है। यहां पर कुछ रेलवे स्टेशनों और डाकखानों के अलावा, ऐसी कोई सुविधा केन्द्र सरकार के द्वारा नहीं दी गयी है, जिससे हम यह कह सकें कि यह सीट केन्द्र सरकार की दृष्टि में कभी आती है। यह क्षेत्र कृÂिष प्रधान क्षेत्र है, लेकिन यहां पर भंडारण की कोई सुविधा नहीं है, फूड प्रोसेसिंग की भी सुविधा नहीं है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपको केन्द्रीय विद्यालय की बात करना है, सभी जगह कही बात नहीं करिए, केवल एक ही बात सदन में रखें। आपने जो विÂषय के लिए नोटिस दिया है, उसकी बात करें।

डॉ. यशवंत सिंह : अध्यक्ष महोदया, ठीक है। यहां पर बच्चों के लिए न कोई केन्द्रीय विद्यालय है, और कोई सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी है। अगर हमें कूपन भी मिलते हैं तो हमें अपने क्षेत्र के बच्चों को एडमिशन के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में भेजना पड़ता है। यहां पर कोई प्राइवेट यूनिवर्सिटी भी नहीं है। बच्चों को एजुकेशन प्राप्त करने में बहुत दिक्कत होती है।

मेरा आपके माध्यम से मानव संसाधन मंत्रालय से अपील है कि मेरे क्षेत्र के लिए एक सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी और एक केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत किया जाये। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. यशवंत सिंह द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।